फर्द अहकाम

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी चाकसू जिला जयपुर (ग्रामीण)।

केस संख्या :– 96/2024

ग्राम पंचायत अजमेरीपुरा बनाम सरकार

| कम संख्या | दिनांक आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा विस्तृत रूप से | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|
| | 15.03.2024 | पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी जरिये ग्राम पंचायत अजमेरीपुरा उपस्थित। प्रार्थी सरकार का जवाब प्राप्त हुआ जो संलग्न है। बहस सुनी गई। ग्राम पंचायत अजमेरीपुरा ने यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी द्वारा खसरा नंबर 847 रकबा 0.62 है0 किस्म बारानी 3 दर्ज होना बताया गया है।<br>सरकार जवाब जरिये तहसीलदार कोटखावदा से रिपोर्ट अनुसार ग्राम खाता संख्या 1 में दर्ज खसरा नंबर 847 किस्म बारानी 3 दर्ज राजस्व रिकार्ड है। मुताबिक नक्शा भूमाय सन् 1985–86 संवत् 2042–2043 मे उक्त खसरा नंबर में आबादी का निशान (चिन्ह) अंकित है। मौके पर उपस्थित रहकर उक्त खसरा नंबर का मौका देखा गया। वर्तमान मे पक्के निमार्ण का आबादी (निवास) बसे हुये है। उक्त खसरा नंबर में निवास कर रहे परिवारों से जानकारी की गई तो उपस्थित निवास कर रहे परिवारों ने बताया कि सन् 1981 मे आई बाढ के बाद से उक्त खसरा नंबर में निवास कर रहे तथा उक्त परिवारों द्वारा उकत जगह निवास घर रहे है वहाँ के परिवारों का निःशुल्क पटटा भी जारी करना बताया। उक्त खसरा नंबर में निवास कर रहे परिवार उक्त पटटों का नवीनीकरण हेतु ग्राम पंचायत अजमेरीपुरा में पत्रावली तैयार कर पेश की गई थी तो गाम पंचायत ने उक्त खसरा नंबर की वर्तमान जमाबन्दी में किस्म गै0मु0 आबादी दर्ज न होकर किस्म बारानी 3 दर्ज होने के कारण उक्त पटटों का नवीनीकरण नही हो सका। उक्त परिवार खसरा नंबर 847 में दर्ज आबादी मे निशान (चिन्ह) के आधार पर जमाबन्दी मे भी किस्म बारानी 3 के बजाय गै0मु0 आबादी करवाना चाहता है। मुताबिक नक्शें में दर्ज खसरा नंबर 847 में आबादी का निशान दर्ज है उक्त खसरा नंबर पर लगभग 30 से 40 वर्षो में पक्के निर्माण कर वर्तमान में निवास कर रहे है। मुताबिक नक्शें में दर्ज आबादी के निशान के आधार पर जमाबन्दी मे बारानी 3 के बजाया गै0मु0 आबादी दर्ज किया जाना उचित है।<br>जवाब सरकार तहसीलदार कोटखावदा के रिपोर्ट के आधार पर खसरा नंबर 847 रकबा 0.62 है0 में बारानी 3 के स्थान पर गै0मु0 आबादी किया जाना उचित समझते है।<br>अतः जवाब सरकार एवं पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण करने पर यह स्वीकार किया जाता है कि तहसीलदार तहसील कोटखावदा के ग्राम मालपुरिया के खसरा नंबर 847 रकबा 0.62 है0 मे राजस्व रिकार्ड में दर्ज बारानी 3 के स्थान पर गै0मु0 आबादी शुद्ध किये जाने के आदेश दिये जाते है। राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जावें। निर्णय की पालना हेतु तहसीलदार को तहरीर जारी हो।<br>पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>चाकसू(जयपुर) | |